<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 02.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की विधि– व्यवस्था और विकास को लेकर आज वरीय अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक।
2. प्रदेश भाजपा नेताओं की कल दिल्ली में केन्द्रीय नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठक, विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा पर होगी चर्चा।
3. आठ दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान के तहत पिलायी जायेगी दवा, 7 जिलों में विशेष रूप से चलेगा अभियान।
4. भारत ने मस्कट में जूनियर एशिया कप हॉकी के पूल ए में दक्षिण कोरिया को 8–1 से हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज राज्य की विधि– व्यवस्था और विकास के मुद्दों को लेकर प्रोजेक्ट भवन में वरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान रोजगार की दिशा में नियुक्तियों को लेकर भी मुख्यमंत्री अधिकारियों को निर्देश दे सकते हैं ।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बालू और लॉटरी के अवैध धंधे पर उपायुक्तों को तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया है। सोशल मीडिया पर बोकारो में ट्रैक्टर से बालू की अवैध ढुलाई करती तस्वीर पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिया। दुमका में लॉटरी के अवैध धंधे की खबर पर भी डीसी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

*********************

प्रदेश भाजपा नेताओं की दिल्ली में कल केन्द्रीय नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर दो दिवसीय समीक्षा बैठक के निष्कर्षों पर चर्चा होगी। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र राय ने दो दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद रांची में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी आगे भी व्यापक दृष्टिकोण लेकर काम करती रहेगी।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांग जन सशक्तीकरण पुरस्कार प्रदान करेंगी। कुल 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार इस अवसर पर दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

*********************

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सस्ता और सुलभ बना रही है। आज नई दिल्ली में उन्होंने मीडिया को बताया कि देश में वर्ष 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन एक दशक में इनकी संख्या दोगुनी होकर 780 हो गई है।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने असमवासियों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में अपने संदेश में उन्होंने लिखा है कि नैसर्गिक सौंदर्य और अद्‌भुत लोक संस्कृति से समृद्ध असम राज्य के स्थापना दिवस पर सभी असमवासियों को हार्दिक बधाई दी है। श्री गंगवार ने असम के निरंतर विकास और लोगों के जीवन में सुख–शांति और समृद्धि की कामना की

********************

झारखंड में पोलियो मुक्त स्थिति को बना रखने के लिए उच्च जोखिम वाले सात जिलों में 8 दिसंबर से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के लिए अलग– अलग अधिकारियों को नामित करते हुए अभियान को सफल बनाने की जिम्मेवारी दी है। वहीं, एनएचएम, झारखंड के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ बीके सिंह ने सभी संबंधित जिलों के सिविल सर्जनों को शत प्रतिशत उपलब्धि के लिए तैयारी एवं प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। पहले दिन बूथों पर शून्य से 5 साल के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। किसी कारणवश पहले दिन जो बच्चे छूट जाएंगे, उन्हें सोमवार और मंगलवार को घर–घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

********************

सरायकेला –खरसावां जिले में एंटी बॉडीज की जांच के लिए अब महंगे खर्च और जमशेदपुर की दौड़ लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। सदर अस्पताल में एलाईजा टेस्ट तथा एंटी बॉडीज की जांच जल्द ही अत्याधुनिक मशीनों से संभव हो सकेगी, जिसमें एचआईवी सहित हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डेंगू बुखार, ट्यूबरक्लोसिस समेत अन्य विभिन्न प्रकार के एंटीबॉडी संबंधित जांच शामिल है। सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि किट उपलब्ध होते ही जांच की प्रक्रिया शुरू कर ली जाएगी।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में खरीफ विपणन मौसम में इस वर्ष धान अधिप्राप्ति के ज़रिए 3 लाख क्विंटल धान क्रय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

********************

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस– यूपीआई से इस वर्ष अक्तूबर में 16 अरब 58 करोड़ वित्तीय लेनदेन हुआ है। केवल एक महीने में यूपीआई से इस लेनदेन में लगभग 23 लाख 49 हजार करोड़ रूपये का भुगतान किया गया। पिछले वर्ष अक्तूबर की तुलना में यह 45 प्रतिशत अधिक है।

********************

क्रीड़ा भारती महानगर जमशेदपुर की बैठक आज केबुल टाऊन कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें दिसंबर में आयोजित दो बड़े खेलों के आयोजन के बारे में चर्चा की गई। जमशेदपुर महानगर क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने बताया कि 8 दिसंबर को दलमा हिल में पर्वतारोहण द्वारा 200 लोग ट्रैकिंग करेंगे। इसके अलावा 21 और 22 दिसंबर को प्रांत स्तरीय कबड्डी स्पर्धा की योजना बनाई गई है। जिसमें 30 टीमें भाग लेंगे ।

********************

भारत ने ओमान के मस्कट में जूनियर एशिया कप हॉकी के पूल ए में कल दक्षिण कोरिया को 8–1 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत सेमी फाइनल्स में पहुंच गया है।

********************